आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 29.08.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार, चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सितम्बर से पखवाड़े के आधार पर चीनी आवंटन प्रणाली शुरू करेगी।
- आयुष मंत्री मदन कौशिक ने देहरादून में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।
- पौड़ी गढ़वाल में लंपी बीमारी जैसे लक्षण को लेकर पशुपालन विभाग सतर्क, 69 हजार 916 पशुओं का टीकाकरण।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

..................................................

चीनी

केंद्र सरकार ने चीनी की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा मासिक कोटा प्रणाली के स्थान पर अगले महीने से पखवाड़े के आधार पर चीनी आवंटन प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत चीनी मिलों को पहले सप्ताह में कम से कम 40 प्रतिशत आवंटन और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी।

..................................................

आयुष मंत्री

उत्तराखंड में आयुष सेवाओं और आयुष शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री मदन कौशिक ने विधानसभा भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों के स्थायीकरण, नए पदों के सृजन और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री कौशिक ने कहा कि वर्ष 2013 और 2015 में नियुक्त या विनियमित चिकित्सा अधिकारियों में जो एसीपी के लिए पात्र हैं, उन्हें एक माह के भीतर इसका लाभ दिया जाए।

..................................................

निगरानी टावर

हरिद्वार जिले के रूड़की क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से खेतों में खड़ी गन्ने और धान की फसल में पानी भरने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को मौसम की सटीक जानकारी देने के उद्देश्य से अब रुड़की ब्लॉक के 20 से अधिक गांवों में उद्यान विभाग निगरानी टावर लगाने जा

रहा है। उद्यान विभाग के एडीओ ने अनुसूइया प्रसाद ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन टावरों के माध्यम से किसानों को बारिश, तापमान, आर्द्रता और हवा की स्थिति से जुड़ी सटीक जानकारी मिल सकेगी।

..............................................

लंपी बीमारी

पौड़ी जिले में कुछ गोवंशीय और महिषवंशीय पशुओं में लंपी बीमारी जैसे लक्षण मिलने के बाद पशुपालन विभाग ने निगरानी और रोकथाम के उपाय तेज कर दिए हैं। संदिग्ध पशुओं के 21 रक्त नमूने जांच के लिए बरेली भेजे गए हैं। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में अब तक 69 हजार 916 गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है, जबकि 26 हजार वैक्सीन डोज उपलब्ध कराई गई हैं। रोग के संभावित प्रसार को देखते हुए अन्य जिलों और राज्यों से गोवंशीय व महिषवंशीय पशुओं के आवागमन पर एहतियातन प्रतिबंध लगाया गया है। पशु चिकित्सालयों और पशु सेवा केंद्रों पर पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पशुपालकों को समय पर उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सके। पशुपालकों से बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने और नए पशु खरीदने से फिलहाल बचने की अपील की गई है। विभाग ने बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल पशु चिकित्सालय या पशुपालन विभाग को सूचना देने को कहा है।

..............................................

रक्षाबंधन / बागेश्वर

बागेश्वर में रक्षाबंधन के पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में कल स्वर्गाश्रम क्षेत्र में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अपूर्वा पांडे ने किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राखी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और रक्षाबंधन के संदेश को रचनात्मक रूप से लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। जिलाधिकारी अपूर्वा पांडे ने कहा कि यह पहल केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पौधों को बचाने के लिए जनसहभागिता का अनुकरणीय प्रयास है।

रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

..............................................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम

का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

……………………………………………